# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 21/03/2024

**SERVING HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Amar Ujala, Prayagraj, (UP)**

# बाहरी और भीतरी ताकतों से मुकाबले को तैयार हैं सीआरपीएफ के जवान



परेड में शामिल आरएएफ बटालियन के जवान। संवाद

फाफामऊ। देश सेवा में सीआरपीएफ जवानों का अहम योगदान है। देश को आंख दिखाने वाली बाहरी ताकतों से मुकाबला करने या फिर देश के अंदर आतंकवाद, नक्सलवाद के खात्मे के लिए सीआरपीएफ के जवान जान की बाजी लगा देते हैं।

उनके शौर्य और पराक्रम का लोहा देश-दुनिया ने माना है। यह बातें सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पंडिला में आयोजित सीआरपीएफ के 85वें स्थापना दिवस पर परेड की सलामी लेने के बाद केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कही।

उन्होंने कहा संसद भवन और राम मंदिर में आतंकवादी हमले को विफल करके सीआरपीएफ ने अपनी विश्वसनीयता को बरकरार रखा है। इसके अतिरिक्त देश में हुए अनेक दंगों, लोकसभा व विधानसभा चुनावों में सीआरपीएफ के जवानों की अहम भूमिका रही है। कार्यक्रम के दौरान देश के लिए बलिदान देने वाले 2259 बलिदानियों के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही परिजनों को सम्मानित किया गया।

दो माह से चल रही तैयारियों के बाद मंगलवार को भव्य परेड का आयोजन किया गया। परेड में महिला टुकड़ी सहित कुल आठ टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर महानिदेशक अनीश दयाल सिंह ने परेड में शामिल अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। संवाद

## Dainik Jagran, Prayagraj, (UP)

# कमांडो ने दिखाया कैसे नक्सलियों को चटाते हैं धूल

कोबरा, द्रुत कार्य बल, वैली क्यूएटी ने परेड में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सीआरपीएफ के कोबरा कमांडो ने युद्ध कौशल का सटीक एवं शानदार प्रदर्शन किया गया। नक्सली हमला होने पर जवान कैसे कंट्रोल करते हैं, यह दिखाया। जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों को उनके हाइडआउट्स पर जाकर नेस्तनाबूत करने की रणनीति का साहसिक प्रदर्शन सीआरपीएफ की वैली क्यूएटी ने किया। सीआरपीएफ के दंगा नियंत्रण दस्ते ने अपनी दक्षता को बखूबी दर्शाया। इस दौरान कीर्ति चक्र विजेता कमांडेंट चेतन कुमार, उप कमांडेंट राहुल माथुर, शौर्य चक्र से सम्मानित उप कमांडेंट दिलीप मलिक, विक्की कुमार, सतेंद्र सिंह और सहायक कमांडेंट अनिरुद्ध प्रताप सिंह, अमित कुमार एवं सिपाही गमित मुकेश कुमार ने परेड में भाग लिया। इसके अलावा अर्जुन पुरस्कार व राजीव गांधी खेल रत्न विजेता पद्मश्री कमांडेंट एन. कुंजुरानी ने परेड में भाग लिया। अर्जुन पुरस्कार विजेता साना माचा चानू, उप कमांडेंट अकरम साह, उप कमांडेंट ए अनीता चानू, उप कमांडेंट के एच थोबी देवी आदि ने परेड में भाग लिया।



स्थापना दिवस समारोह के दौरान आरएफ के जवानों ने दंगा नियंत्रण का भी प्रदर्शन किया। • हिन्दुस्तान

# एनसीसी कैडेट्स को सीआरपीएफ में भर्ती होने को किया प्रेरित

प्रयागराज। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों ने एनसीसी कैडेट्स को उनकी फोर्स में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। पड़िला में मंगलवार को सीआरपीएफ के 85वें स्थापना दिवस समारोह में भाग लेने आए कैडेट्स को अधिकारियों ने अर्द्ध सैनिक सुरक्षा बल की खूबियों से अवगत कराया। स्थापना दिवस की परेड में भाग लेने आए कैडेट्स की अधिकारियों ने सराहना की। कैडेट्स से उनकी रुचि के बारे में जानकारी ली। अधिकांश कैडेट्स ने आर्म्ड फोर्स में जाने की इच्छा जताई। परेड में एनसीसी के 500 कैडेट्स, दो अधिकारी और 13 अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।

**Hindustani, Prayagraj, (UP)**



पहिला कैंप में परेड के दौरान दंगा नियंत्रण का डेमो देते सीआरपीएफ के जवान.

# 'आंतरिक सुरक्षा में CRPF का खास रोल'

### सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में मनाया 85वां स्थापना दिवस

### कोबरा कमांडो और दंगा नियंत्रण टीम ने किया प्रदर्शन

rayagraj@inext.co.in

द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 85वें स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि देश में आंतरिक सुरक्षा और शांति बनाए रखने में सीआरपीएफ की विशेष भूमिका है. सीआरपीएफ के जवानों ने आतंकियों से मोर्चा लिया. अपनी जान दांव पर लगाकर देशवासियों की रक्षा की है. देश में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने में यह सबसे आगे रहते हैं. जवानों ने अपने पराक्रम से दुश्मनों के हौसले पस्त किए हैं. पूर्वोत्तर के राज्यों में अशांति पर नियंत्रण किया. मणिपुर में शांति स्थापित करने में भी इनकी विशेष भूमिका रही है.

सीआरपीएफ के स्थापना दिवस का मुख्य कार्यक्रम पहली बार प्रयागराज में आयोजित हुआ. इसके लिए महीने भर से तैयारी चल रही थी. सुबह करीब नौ बजे कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री ने परेड की सलामी ली.

सीआरपीएफ की महिला, कोबरा, आरएएफ समेत आठ टुकड़ियों ने परेड किया. इस दौरान कीर्ति चक्र विजेता कमांडेंट चेतन कुमार चीता, उप कमांडेंट राहुल माथुर, शौर्य चक्र से सम्मानित उप कमांडेंट दिलीप मलिक, उप कमांडेंट विक्की कुमार, सहायक कमांडेंट सतेंद्र सिंह, सहायक कमांडेंट अनिरुद्ध प्रताप सिंह, सहायक कमांडेंट अमित कुमार और सिपाही गमित मुकेश कुमार ने परेड में भाग लिया.


वहीं भारोत्तोलक, अर्जुन पुरस्कार व राजीव गांधी खेल रत्न विजेता पद्मश्री कमांडेंट एन. कुंजुरानी देवी, अर्जुन पुरस्कार विजेता द्वितीय कमान अधिकारी साना माचा चानू, उप कमांडेंट अकरम साह, ए अनीता चानू, सहायक कमांडेंट केएच थोंबी देवी, निरीक्षक गीता रानी ने भी परेड में प्रतिभाग किया. राष्ट्र की सेवा करते हुए अपने प्राणों का न्यौछावर करने वाले बलिदानियों को मंत्री ने श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने वीरगति प्राप्त जवानों के स्वजनों और वीरता का प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों व जवानों को सम्मानित किया. सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह ने बताया कि अधिकांश बटालियन जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर राज्यों एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात हैं. वहां पर आतंकवाद और नक्सलवाद की घटनाओं में कमी आई तो शांति एवं विकास का



कार्य होने लगे हैं.

Dainik Jagran, Jamshedpur, (JKD)

# पराक्रम की पराकाष्ठा तक देश सेवा के लिए जवानों को प्रेरित किया




रैफ कैंप में शहीदों को याद करते अधिकारी व जवान • जागरण

जासं, जमशेदपुर : सुंदरनगर रैफ कैंप परिसर में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 85वीं वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर 106 वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल के कमांडेंट डॉ. निशीत कुमार ने बल के सभी वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से वाहिनी के जवानों तथा उनके परिवारजनों को बधाई दी। कमांडेंट ने बल के महत्व, इतिहास व पूर्वजों के बलिदान के बारे में बताया तथा जवानों को केरिपुबल के गरिमा को बनाए रखने के लिए पराक्रम की पराकाष्ठा तक देश सेवा के लिए प्रेरित किया। सुबह में शहीदों के बलिदान व पराक्रम के सम्मान में उन्हें याद किया गया और पुष्पांजलि अर्पित की गयी। जवानों के मनोरंजन के लिए बालीबॉल मैच, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ रात्रि में बड़ा खाने का आयोजन किया गया।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।